# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
## हरिद्वार–249404

संख्या : 144 / 02 / डी0आर0 / क्री0अधि0 / सेवा–02 / 2024–25 दिनांक : 09 अक्टूबर, 2025

## जिला क्रीड़ा अधिकारी परीक्षा–2025

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या : A-1//DR(DSO)/S-2/2025 दिनांक 28 मई, 2025 द्वारा विज्ञापित जिला क्रीड़ा अधिकारी परीक्षा–2025 के सापेक्ष लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का आयोजन दिनांक 02 नवम्बर, 2025 को दो सत्रों में **एकल परीक्षा केन्द्र, परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में किया जाएगा।** उक्त परीक्षा हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र (Admit-Card) दिनाँक 18 अक्टूबर, 2025 से आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in या pscuk.net.in से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से पृथक से प्रवेश–पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश–पत्र में वर्णित दिशा–निर्देशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य है।

**2–** यह भी सूचित किया जाता है कि श्रुतलेखक की अनुमन्यता हेतु दिव्यांगजन अभ्यर्थी 40 प्रतिशत से अधिक की दिव्यांगता की स्थिति में विज्ञापन का परिशिष्ट 5(1) तथा 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता की स्थिति में परिशिष्ट 6(1) डाक द्वारा अथवा ई0–मेल sewatwo2@gmail.com पर दिनाँक 21.10.2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। स्वयं के श्रुतलेखक की सुविधा हेतु दिव्यांगता धारित अभ्यर्थी उक्त संबंधित परिशिष्टों के साथ ही परिशिष्ट 5(2) अथवा 6(2) एवं श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो तथा श्रुतलेखक की दावित शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अंक–तालिका / प्रमाण–पत्र एवं आई0डी0 भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें। श्रुतलेखक के संबंध में आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर जारी विस्तृत विज्ञप्ति का अवलोकन करना सुनिश्चित करें।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।